मेले सामाजिक प्रेम और भाईचारे के प्रतीक : फौजदार

भरतपुर (निस)। गुरुवार को डीग जिले के गाँव मवई में हर वर्ष की भांति जनुथर तहसील के गांव मवई में आयोजित तीन दिवसीय सिद्ध बाबा के मेले का उद्घाटन हुआ। यह मेला तीन दिन तक चलता है जिसमे दूर दर्ज के लोग भाग लेने के लिए आते है। किसान नेता नैमसिंह फ़ौजदार ने फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। नेम सिंह फौजदार ने कहा की मेले समाज में आपसी भाई चारे के प्रतीक होते है। दूर दर्ज के लोग यहाँ आते है। मेला एक ऐसा प्लेटफॉर्म भी है जिसमे दूर दर्ज के लोग जो काफी समय तक नहीं मिलते वह उस दिन आपस में मिलते है और आपसी हालचाल जानते है। यह लोगों के बीच आपसी प्रेम और भाई चारे को बढ़ावा भी देता है। यह मेला तीन दिन तक चलेगा जहाँ सभी प्रकार की दुकानों लगाईं जाती है जिसमे लोग खरीददारी भी करते है और अपनी इच्छा के मुताविक मिष्ठान खाते है। महिलाएं पुरुष ख़रीददारी करते है। मेले में ना केवल आमजन को सभी प्रकार की वस्तुए खरीदने का मौका मिलता है बल्कि छोटे बड़े दुकानदारों को भी अपनी चीज बेचने का मौका मिलता है। इस मौके पर पूर्व सरपंच दुलीचंद, सरपंच गुड्डू सिंह, पूर्व सरपंच रत्नो सिंह उपस्थित रहे।

कलेक्टर की अध्यक्षता जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक सम्पन्न

- जिला कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी ने अधिकारियों को स्वच्छ जल सप्लाई के निर्देश दिए

गंगापुर सिटी । जिला कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी की अध्यक्षता में गुरुवार को कलक्ट्रेट में जिला जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिला कलेक्टर ने ग्रीष्म लहर को देखते हुए जिले में जलापूर्ति व्यवस्था, जल सम्बन्धों व आवंटित लक्ष्यों की ब्लॉक वाईज प्रगति, शत प्रतिशत एएफ.एच. टी.सी. वाले ग्रामों के हर घर जल प्रमाण पत्रों की प्रगति, पेयजल स्त्रोतों पर स्थापित विद्युत उपकरणों के लिए आवश्यक विद्युत सम्बन्ध, निर्माण कार्य के दौरान ग्राम पंचायत व पी.डब्ल्यू.डी. के द्वारा की गई रोड कटिंग व उसकी मरम्मत एवं हर घर जल प्रमाण-पत्र आदि के संबंध में विस्तृत ब्यौरा लिया।

साथ ही जिले के समस्त स्कूल, आंगनबाडी केंद्र एवं स्वास्थ्य केन्द्रो आदि पर लंबित नल कनेक्शन शीघ्र-अतिशीघ्र प्रदान करने के निर्देश दिये। जन-स्वस्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता रामकेश मीना ने जिला कलेक्टर को अवगत कराया कि जिला गंगापुर सिटी में 60 ग्रामों में शत-प्रतिशत एफ.एच.टी.सी. जारी किये जा चुके हैं, जिनमें से 30 ग्राम रिपोर्टेड श्रेणी में ऑनलाईन दर्शित हैं और 11 ग्रामों को प्रमाणित कर दिया गया है। बचे हुए 30 में से 5 ग्रामों के हर घर जल प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिए गए है। शेष 25 गांवों के हर घर जल प्रमाण पत्र प्राप्त करने का कार्य प्रगतिरत है। अधीक्षक अभियंता ने बताया कि गंगापुर सिटी के अन्तर्गत जलापूर्ति सेवाओं से से संबंधित निर्माण कार्य के दौरान 189 ग्रामों में ग्राम पंचायत व पीडब्ल्यूडी की रोड कटिंग की गई है, जिनमें से 92 ग्रामों की रोड मरम्मत कर दी गई है। शेष ग्रामों में पाईपलाईन एवं अन्य कार्य पूर्ण होने के उपरान्त मरम्मत कार्य किया जाना प्रस्तावित है। जिला कलक्टर ने उक्त शेष ग्रामों में भी पी.डबल्यू.डी. विभाग के साथ समन्वय बिठाकर सडक मरम्मत कार्य को शीघ्र संपादित कराने के निर्देश दिये। साथ ही जे.वी.वी.एन.एल, पी.एच.ई.डी. एवं पी.डबल्यू.डी. के समस्त अधिकारियों को संयुक्त बैठकों के माध्यम से समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए जिससे तालमेल के अभाव में कार्यों में अनावश्यक देरी अथवा नुकसान से बचा जा सके।

अधीक्षण अभियंता ने बताया कि वर्तमान में जिला गंगापुर सिटी में पेयजल आपूर्ति के लिए स्थापित उपकरणों हेतु 38 विद्युत कनेक्शन लम्बित है। जिन्हें जल्द से जल्द नियमानुसार जोडने हेतु जिला कलेक्टर ने विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता रूप सिंह गुर्जर को निर्देशित किया। इस दौरान पी.डबल्यू.डी विभाग के अधीक्षण अभियंता जयलाल मीना, टोडाभीम के पीएचईडी कार्यालय के अधिशासी अभियंता आरडी मीना, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बीएल मीना, जिला शिक्षा अधिकारी देवीलाल मीना सहित जिला जल एवं स्वच्छता समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

गंगापुर सिटी में अधिकारियो की बैठक लेते जिला कलेक्टर।

लक्ष्मण गोयन का सम्मान हुआ

हिंडौन सिटी। भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा हिंडौन के शाखा प्रबंधक हरिमोहन मीणा सहायक शाखा प्रबंधक भगवान सिंह मीना व गिरीश मीना ने क्षेत्रीय कार्यालय से आई ट्रॉफी से भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा के मुख्य जीवन बीमा सलाहकार लक्षमण गोयनका का सम्मान किया यह सम्मान गोयनका की टीम द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने पर जेड एम ट्रॉफी से सम्मान किया गया किया गया है । गोयनका लगभग 15 वर्ष तक डायमंड ब्रिगेड के सदस्य रहे हैं गोयनका को पूर्व में भी 2008 में गुरु द्रोणाचार्य पुरुष्कार से नवाजा गया था गोयनका का का देश विदेश में कई बार सम्मान हो चुका है जिसमे मॉरिशस पॉट ब्लेयर कोच्चिन बड़ोदरा अहमदाबाद नैनीताल मंसूरी मुंबई कलकत्ता हैदराबाद जगन्नाथ पुरी वाराणसी चित्तौड़ उदयपुर पुष्कर गोवा आदि बहुत से स्थानोंपर सम्मानित किया जा चुका है गोयनका के सम्मानित किए जाने पर शाखा प्रबंधक हरिमोहन मीणा और सहायक शाखा प्रबंधक भगवान सिंह मीणा व गिरीश मीणा ने मुख्य जीवन बीमा सलाहकार दीपक मुद्गल मनोज तिवारी ओपी माहेश्वरी गुड्डू सिंह सोगरवाल आलोक चौधरी विजयपाल चौधरी व अभिकर्ता केशव देव, डिंपल गुप्ता, विवेक विक्रम जैन, राधा रमण गुप्ता, श्यामलता, विश्पेंद्र सिंह, भास्कर कमेवार मदन मोहन भास्कर सविता जैन विमल कुमार गर्ग अंजलि मित्तल राजेश बंसल राजकुमार विजय अग्रवाल मुकेश चन्द गुप्ता रमाकांत शर्मा मुकुट शर्मा गजेन्द्र कुमार सिंघल जतिन गर्ग ममता मित्तल अर्चना अग्रवाल प्रेम चंद गुप्ता प्रीति गोयनका प्यारेलाल रवि कुमार शर्मा महेश कुमार तथा नगर परिषद् हिंडोन के पूर्व चेयरमैन और व्यापार महासंघ के अध्यक्ष अजय मित्तल ने हर्ष व्यक्त कर मुख्य जीवन बीमा सलाहकार लक्षमण गोयनका को शुभकामनाएं प्रेषित की।

निरीक्षण किया

करौली (नि.स.)। उपखंड अधिकारी पिंकी गुर्जर ने गुरूवार को जिला स्तर पर संचालित पीएचईडी व विद्युत विभाग के नियंत्रण कक्ष का आकस्मिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होने पीएचईडी के नियंत्रण कक्ष मे प्राप्त शिकायतों के संबधों मे आमजन से बात की एवं समाधान के बारे मे जानकारी ली। इसके अलावा उन्होने नियंत्रण कक्ष मे शिकायतों के संधारित रजिस्टर का भी निरीक्षण किया।

इसके पश्चात विद्युत विभाग के नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया एवं निरीक्षण के दौरान नियंत्रण कक्ष मे प्राप्त होने वाली शिकायतों के लिये नियमित रूप से रजिस्टर संधारित करने एवं उनके समाधान के बारे मे निर्देश दिये। उन्होने विभिन्न पारियों मे कार्मिक नियुक्त करने के भी निर्देश भी दिये। इसके पश्चात ब्लॉक मे जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यो के संबंध मे ग्राम पंचायत खोहरी, बजीतपुर, काशीपुरा, मनोहरपुरा सहित अन्य का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

सी.एम.एच.ओ. ने किया चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण

करौली(नि.स.)। जिले की चिकित्सा सेवाओं में सुधार लाने और रोगियों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से सीएमएचओ डॉ. दिनेश चंद मीना ने पीएचसी ढिंढोरा और करसौली, सीएचसी सूरौठ का औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए।

सीएमएचओं ने निरीक्षण में उपस्थित पंजिका का अवलोकन कर मौजूद कार्मिकों को निर्धारित समय से चिकित्सा संस्थान पर पहुंचने और ठहराव के लिए पाबंद करते हुए साफ सफाई व्यवस्था में सुधार के निर्देश प्रदान किये। उन्होंने विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की स्थिति से रूबरू होकर प्रगति लाने के लिए निर्देशित किया।उन्होंने लू तापघात और हीटवेव से निपटने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं व दवाओं की उपलब्धता रखने सहित दवाओं को अवधि पार होने से बचाने व मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए की जा रही गतिविधियों को बढ़ाने की आवश्यकता जताई। उन्होंने कोल्ड चौन का निरीक्षण कर ओपन वायल पॉलिसी के तहत आने वाले वैक्सीन की जानकारी जुटाई और कोल्ड चेन प्रभारी को गाइडलाइन अनुसार वैक्सीन संधारण के निर्देश प्रदान किए।

उन्होंने सीएचसी सूरौठ में लेबर रूम का निरीक्षण कर प्रसव वॉच एप में डिलीवरी की लाइन लिस्टिंग करने के लिए निर्देशित कर बेबी किट का वितरण कराया और जेएसवाई वार्ड की व्यवस्था जांची ।

डिप्टी सीएमएचओ डॉ सतीश चंद मीणा ने परिवार कल्याण के आवंटित लक्ष्यों को वर्ष प्रारंभ से ही हासिल करने के निर्देश प्रदान करते हुए अंतरा इंजेक्शन के लाभार्थियों की संख्या बढ़ाने की बात रखी। इस दौरान डीपीओ आषुतोष पांडेय ने योजनाओं और कार्यक्रमों में संस्थावाईज स्थिति की जांच की।

ग्रीष्मकालीन अभिरुचि शिविर प्रारम्भ

गंगापुर सिटी । अग्रवाल महिला सेवा समिति द्वारा ग्रीष्मकालीन अभिरुचि शिविर का उद्घाटन शिव शिक्षा निकेतन स्कूल नहर रोड पर किया गया। यह शिविर 22 से 5 जून तक चलेगा। अग्रवाल महिला सेवा समिति अध्यक्ष पदमा अग्रवाल ने बताया कि शिविर का शुभारम्भ महाराज अग्रसेन जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। अध्यक्ष पदमा अग्रवाल ने बताया कि शिव शिक्षा निकेतन स्कूल के डायरेक्टर दिनेश अग्रवाल के द्वारा अभिरुचि शिविर के लिए निशुल्क स्थान उपलब्ध करवाने पर समित ने उनका आभार जताया। अग्रवाल कर्मचारी विकास समिति अध्यक्ष राधा मोहन, अग्रवाल सेवा समिति अध्यक्ष घनश्याम बजाज, जिला महामंत्री गोविंद बरनाला वाले, प्रेमचंद, जिलाअध्यक्ष रेखा गर्ग, प्रदेश सांस्कृतिक मंत्री शिविर संरक्षक सरोज गर्ग, तहसील अध्यक्ष रीना मित्तल, जिला महामंत्री रेणु आर्य आदि सभी अतिथियों का माला दुपट्टा से सम्मान किया गया।

सार-समाचार

सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्पन्न

सवाईमाधोपुर । अखिल भारतवर्षीय श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा की अजमेर इकाई द्वारा गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज के 33 जोडो का पाणिठाहण संस्कार पुष्कर अजमेर में आयोजित किया गया। सम्मेलन में देश के विविध कौने से समाज बंधुओ ने भाग लिया। सम्मेलन महासभा के संरक्षक ओमप्रकाश जोशी, राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यप्रकाश जोशी, विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष विशाल शर्मा, राष्ट्रीय आध्यात्मिक मंत्री आचार्य ताराचंद चन्द्र शास्त्री, प्रदेश सूचना प्रसारण मंत्री सुरेंद्र शर्मा पत्रकार सहित कई समाज बन्धुओं के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। महासभा के संरक्षक ओमप्रकाश जोशी ने सभी नव युगल जोड़ियों को दाम्पत्य जीवन की बधाई देते हुए कहा कि सामूहिक विवाह एक आदर्श परम्परा है। विवाह वर-वधू का ही नहीं बल्कि दो परिवारों का संगम होता है। सामूहिक विवाह बेतहाशा खर्च की कुप्रथा को रोकने की दिशा में अनुकरणीय पहल है। सम्मेलन समिति के अध्यक्ष श्री राधेश्याम शर्मा, राजाराम शर्मा, सावित्री प्रसाद शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित

भरतपुर (निस)। राजेश पायलट गुर्जर छात्रावास राजेन्द्र नगर भरतपुर पर गुर्जर आरक्षण आन्दोलन में शहीद हुए 73 वीर गुर्जर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनके सम्मान में सभी ने 2 मिनट का मौन रखकर वक्ताओं ने कहा कि आपके बलिदान को व्यर्थ नहीं जाने देंगे, भविष्य में समाज को जब-जब आरक्षण आन्दोलन की जरूरत पडेगी, तब तब हम शहीद होते रहेंगे। कार्यक्रम में बालकिशन थानेदार, गिर्राज शरण सिंह, राजवीर घसौला अध्यक्ष अखिल भारतीय गुर्जर महासभा, भरत सिंह खटाना अध्यक्ष गुर्जर छात्रावास भरतपुर, राजेन्द्र सिंह प्रिंसीपल, शिव सिंह दायमा, बबली धाऊ, हीरा सिंह, सूरज बैंसला, दीपक एलऊ, गोतम सिंह, भाग सिंह, गुलाब सिंह, भोला सोनोठी, अंकित सोनोठी, सोरभ गुर्जर, बंटी सोनोटी, गोपाल झज्जरपुरा आदि मौजूद थे।

चोरी का सामान बरामद

भरतपुर (निस)। नदबई थाना पुलिस ने तत्परता से कार्यवाही करते हुए चोरी का सामान 2 घंटे में बरामद कर लिया। एसपी मृदुल कच्छावा ने बताया कि बुधवार की बीती रात राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बछामदी में अज्ञात चोरों ने विद्यालय के तीन ताले तोड़कर बक्से में रखें म्यूजिक सिस्टम को चुरा लिया। सुबह 7.30 बजे विद्यालय मंत्रलायिक स्टाफ के विद्यालय पहुंचने पर चोरी का पता लगा। कनिष्ठ सहायक रामेश्वर दयाल ने इसकी सूचना तत्काल विद्यालय के प्रभारी रीवन कुमार दुबे को दी। जिन्होंने विद्यालय के पूर्व प्राचार्य सुनील चतुर्वेदी को घटना से अवगत कराया। चतुर्वेदी ने भरतपुर एसपी मृदुल कच्छावा से मामले की शिकायत की। जिस पर नदबई थाना पुलिस ने मामला संज्ञान में आने पर एसपी के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दो घंटे में अराजक तत्वों को दबोचकर उनकी निशानदेही पर चोरी गए सामान को बरामद कर लिया। एसपी मृदुल कच्छावा की इस त्वरित कार्रवाई से ग्राम वासियों कैप्टन हरेन्द्र सिंह, बृजबिहारी शर्मा सरपंच सरोज पुष्पेन्द्र फोजदार, विद्यालय स्टाफ ने एसपी साहब का आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि चोरी गया सामान 2 माह पूर्व ही पूर्व प्राचार्य की प्रेरणा से स्थानीय भामाशाह श्याम शरण शर्मा ने दान दिया था।

सायबर अपराधी को गिरफ्तार किया

जुरहरा (निस)। जुरहरा थाना पुलिस ने दो एंड्रॉयड मोबाईल, कीपैड फोन व दो फर्जी सिम सहित एक सायबर अपराधी को गिरफतार किया है। आरोपी आर्मी ऑफिसर बनकर हाउस रेंट पर लेने के नाम पर लोगों के साथ साईबर फ्रॉड करता था। स्थानीय थाना पुलिस ने आर्मी अफसर बनकर ओएलएक्स एप के जरिए हाउस रेंट पर लेने के नाम पर लोगों के साथ साइबर फ्रॉड करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से दो एंड्राइड मोबाइल, कीपैड फोन व दो फर्जी सिम जप्त किए हैं। जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को एएसआई रणजीत सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति ग्राम खैरावा में स्कूल के पास खडा है जो सायबर ठगी का काम करता है। सूचना पर एएसआई रणजीत सिंह मय जाप्ता के ग्राम खैरावा में स्कूल के पास पहुंचे जहां पर एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा जिसको जाप्ता की मदद से पकडकर उसके नाम व पता पूछा तो युवक ने अपना नाम सोहेल उर्फ सोयब पुत्र शरीफ जाति मेव निवासी ग्राम खैरावा थाना जुरहरा जिला डीग का होना बताया। जिसकी तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से दो एण्ड्रॉईड मोबाईल फोन, सादा कीपेड फोन व दो फर्जी सिम कार्ड मिले। आरोपी से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि वह सोशल साईटस ओ.एल.एक्स एप्प पर रूम बुंकिग व हाउस रेन्ट पर लेने वालों से आर्मी आफिसर बनकर सम्पर्क करता है और रूम बुक कराने के नाम पर भोले-भाले लोगों को अपनी बातों में फंसाकर क्यू.आर कोड स्कैनर डालता है जिसे स्कैन करवाकर उनसे ठगी करता है।

मानसून संबंध में बैठक 27 को

करौली, (नि.स)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजवीर सिंह चौधरी ने बताया कि मानसून सत्र जून-सितम्बर में बाढ बचाव की पूर्व तैयारियों हेतु जिला स्तर पर बैठक कर सभी विभागों के अधिकारियों को मानसून पूर्व बचाव हेतु आवश्यक कार्यवाही किये जाने के संबंध मे जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना की अध्यक्षता मे 27 मई को प्रात: 10.30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार मे बैठक आयोजित की जायेगी।

भगवान परशुराम शोभायात्रा समिति की बैठक सम्पन्न

भरतपुर (निस)। भगवान परशुराम शोभायात्रा समिति की बैठक रघुनंदन मैरिज होम में हुई। बैठक में 2 जून को बड़े ही धूमधाम से भरतपुर शहर में भगवान श्री परशुराम की निकलने वाली शोभायात्रा की तैयारी को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई।

जिसमें सभी लोगों ने शोभायात्रा की तैयारी को लेकर अपने अपने विचार रखे, सभी विचारों और सुझावों पर गंभीरता से विचार कर सर्व सम्मति से निर्णय लिए गए, और तैयारियों को लेकर समिती सदस्यों को अलग अलग जिम्मेदारीयां सौंपी गई, कई टीमों का गठन किया गया जो की अलग अलग तहसीलों में जाकर निमंत्रण देगी, उसी प्रकार शहर में भी प्रत्येक बार्ड में जाकर लोगों को अधिक से अधिक संख्या में परिवारी जन एवं इष्ट मित्रों के साथ शोभायात्रा में भाग लेने के लिए आमंत्रित करने की जिम्मेदारियां दी गई, सभी टीमों के ऊपर एक 11 सदस्यीय कोर कमेटी का गठन किया गया। जो शोभायात्रा से संबंधित सभी कार्यों का प्रबंधन करेगी। इस मौके पर कोर कमेटी द्वारा सभी भरतपुर वासियों से अपील करते हुए कहा की प्रभू श्री परशुराम किसी एक जाति पंथ वा समुदाय के नहीं हैं वह सभी के हैं अत: सभी हिन्दुओं को इसमें बढ़ चढ़ कर भाग लेना चाहिए।

उपस्थित सभी सदस्यों के समक्ष समिति द्वारा निमंत्रण के लिए दिए जाने वाले पत्रक का विमोचन किया गया। जिसमें यात्रा से संबंधित कार्यक्रमो की सूचना दी गई है। जिसके अनुसार 2 जून रविवार को लक्ष्मी पैलेस मडरपुर रोड भरतपुर पर अतिथियो का स्वागत एवं सम्मान व स्वल्पाहार दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक तत्पश्चात् सांय 4 बजे भगवान श्री परशुराम जी की शोभा यात्रा लक्ष्मी पैलेस मडरपुर रोड भरतपुर से प्रारम्भ होकर कन्नी गुर्जर चौराहा होते हुए बिजली घर चौबूर्जा गंगा मन्दिर लक्ष्मण मंदिर कोतवाली होते हुए राम वाटिका मैरिज होम गोर्वधन गेट भरतपुर पहुंच कर शोभा यात्रा के स्वरूपों का सम्मान, महाआरती एवं सामूहिक प्रसादी ग्रहण के साथ सम्पन्न होगी। शोभा यात्रा समिति द्वारा अपील करते हुए कहा गया कि, प्रयास किया जायेगा की सभी से सम्पर्क कर आमंत्रित किया जाए।

भगवान परशुराम शोभायात्रा समिति की बैठक रघुनंदन मैरिज होम में हुई।

सांस्कृतिक एवं खेल सप्ताह का हुआ शुभारम्भ

हिंडौन सिटी । गुरुवार को खेडा स्थित सौरभ एजुकेशन केम्पस में वेटरनरी कॉलेज में सांस्कृतिक एवं खेल सप्ताह का शुभारम्भ मां शारदा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि राजस्थान देहली एजुकेशन सोसाइटी के सचिव महेश बैनीवाल रहे जबकि अध्यक्षता सौरभ कॉलेज ऑफ़ वेटरनरी साइंस के अधिष्ठाता डॉ. तिरुभुवन शर्मा ने की। इस दौरान मुख्य अतिथि महेश बैनीवाल ने विद्यार्थीयो को पढाई के साथ साथ खेलों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

साथ ही अध्यक्षता कर रहे डॉ तिरुभुवन शर्मा ने खेल में हार-जीत की तरफ ध्यान न देकर एक अच्छी खेल भावना के साथ खेल में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। सांस्कृतिक एवं खेल सप्ताह का शुभारम्भ सहायक अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. सौरभ सिंह सिंघल की देखरेख में हुआ। प्रतियोगिता में पुरुष व महिला वर्ग में वॉलीबॉल, कब्बड्डी, क्रिकेट, बैडमिंटन, चेस, केरम, दौड, ऐथलेटिक्स, रंगोली, चित्रकला में कई टीमों ने भाग लिया, इसमें उद्घाटन मैच फैकेल्टी व प्रथम वर्ष के छात्रों के मध्य खेला गया जिसमें फैकेल्टी द्वारा 2-0 सें मैच में जीत हांसिल की। पुरुष वर्ग का दूसरा मैच प्रथम वर्ष व द्वितीय वर्ष के छात्रों के मध्य खेला गया जिसमे द्वितीय वर्ष ने 2-0 से मैच को जीत लिया।

इस दौरान मैच के निर्णायक, सौरभ एजुकेशन कैंपस के खेल सलाहकार प्रियकांत बैनीवाल, डॉ. नरेन्द्र नॉगिया, डॉ. सुनील, डॉ. शिवम, डॉ. सुनीता, डॉ. अभिषेक, डॉ. बबीता, डॉ. कंचन, डॉ. मंजू, डॉ. जीतेन्द्र, डॉ योगेश, डॉ. श्रवण, डॉ. अमित, दिगंबर सिंह, उत्तम ठठेरा, हिम्मत गुर्जर, भूपेंद्र, दीपक, सौभाग्य सिंह, मुकुल, दशरथ, जीवनराम, जगदीश, कुमेर, आदि उपस्थित रहे।

अस्पताल में तंबाकू उत्पादों का उपयोग करने वालों पर की कार्रवाई

करौली(नि.स.)। तम्बाकू एवं तम्बाकू उत्पादों के सेवन से होने वाले कैंसर जैसी गंभीर बीमारियो कि चेतावनी लिखे होने के बावजूद तंबाकू का सेवन सेहत के लिए हानिकारक है। इसके बाबजूद लोगो द्वारा सेवन करना चिंता का विषय है।

अस्पताल परिसर में तंबाकू खाके पीक थूकने से दीवारों पर पीक के निशान एवं गंदगी हो जाती है जिससे साफ सफाई की व्यवथा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसी कड़ी में अस्पताल परिसर में तंबाकू उत्पादों का सेवन कर्ताओं पर कोटपा कानून के तहत 200 रुपए तक जुर्माना एवं समझाइश की जा रही है। गुरुवार को की गई कार्यवाही में 20 सेवनकर्ताओ से चालान काट कर 1 हजार रुपए की राशि वसूली गई तथा भविष्य में नशा नही करने की शपथ दिलवाई गई। कोटपा टीम में पीएमओ डॉ रामकेश मीणा,नशा मुक्ति प्रभारी डॉ प्रेमराज मीना,कार्यवाहक नर्सिंग अधीक्षक राजेश मीना,वरिष्ट नर्सिंग अधिकारी समय सिंह मीना एवं सुरक्षागार्ड शामिल रहे। पीएमओ डॉ रामकेश मीना ने बताया कि अस्पताप परिसर में तंबाकू उत्पादों के सेवन से सफाई व्यवस्था के साथ साथ भर्ती मरीजों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अस्पताल परिसर को स्वच्छ बनाने में आमजन तंबाकू उत्पादों के सेवन से दूर रहे। नशा मुक्ति प्रभारी डॉ प्रेमराज मीना ने बताया कि तंबाकू सेवन से कैंसर जैसी गंभीर बीमारियो के साथ साथ पारिवारिक तनाव, डिप्रेशन आदि मानसिक समस्याएं पैदा हो जाती है। नशा छोड़ने हेतु अस्पताल में संचालित तंबाकू नियंत्रण इकाई से परामर्श एवं उपचार प्राप्त करे।

करौली अस्पताल में तंबाकू का सेवन करने वालों के चालान काटते स्वास्थ्यकर्मी।

ई-फाइल का प्रशिक्षण दिया

भरतपुर (निस)। जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव के निर्देशानुसार सभी अधीनस्थ, विभागीय कार्यालयों में पत्रावलियों का संचालन शत-प्रतिशत राजकाज पोर्टल पर ई-फाइल के माध्यम से किया जाना है जिससे तहत गुरूवार को जिला कार्यालय सूचना प्राद्योगिकी और संचार विभाग भरतपुर द्वारा जिला एवं ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के उपनिदेशक पुष्पेन्द्र कुंतल ने बताया कि जिला भरतपुर एवं डीग जिले के सभी अधीनस्थ, विभागीय कार्यालयों के कार्मिकों का प्रशिक्षण विडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से किया गया जिसमें राजकाज पोर्टल के माध्यम से ई-फाइल का सृजन, ई-फाइल में डाक्यूमेंट अपलोड, ई-फाइल में नोटिंग इत्यादि कार्य एवं ई-डाक सम्बन्धित कार्य का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में 40 विभिन्न विभागों के लगभग 300 कार्मिकों द्वारा प्रशिक्षण लिया गया। जिनमें आबकारी विभाग, तहसील कार्यालय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्थान रोडवेज, देवस्थान विभाग, पशुपालन विभाग, अल्पसंख्यक विभाग और जल संसाधन आदि विभाग के कार्मिको ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

पेड़ से टकराई कार, जिंदा जला युवक

करौला(नि.स.)। करौली के निकट मचानी गॉव कि सडक पर पेड़ से टकराने के बाद कार में आग लग गई। हादसे में एक युवक जिंदा जल गया। 2 लोग गंभीर घायल हो गए। कार सवार तीनों युवक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। मामला मासलपुर थाना इलाके के करौली-सरमथुरा मार्ग पर एनएच-23 स्थित मचानी गांव के पास हुआ।

मासलपुर थानाधिकारी चंचल शर्मा ने बताया कि अंकित 28 पुत्र रमाकांत निवासी तिथारा,शुक्लान थाना रामपुर नैकिन जिला सीधी एमपी, संजय 26 निवासी ललितपुर एमपी और दिनेश 25 पुत्र सुरेश निवासी झांसी यूपी करौली के हिंडौन क्षेत्र स्थित मनीरामपुरा में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे।

इस दौरान करौली-सरमथुरा मार्ग पर मचानी गांव के पास कार बेकाबू होकर एक पेड़ से टकरा गई।मासलपुर थानाधिकारी ने बताया कि तीनों अलग-अलग जगह के निवासी हैं और शादी में जाने के लिए ग्वालियर में एकत्रित हुए थे। हादसे के समय संजय कार चला रहा था। दिनेश आगे वाली सीट और मृतक अंकित पीछे की सीट पर बैठा था। पेड़ से टकराने के बाद कार के आगे के दोनों गेट और एयरबैग खुल गए और दोनों कार से बाहर गिर गए। पिछली सीट पर बैठा अंकित कार में फंसा रह गया। कार में आग लगने से वह जिंदा जल गया। युवक के कंकाल को मासलपुर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। परिजनों के मासलपुर पहुंचने पर पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई के बाद कंकाल परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

एक घायल को जयपुर रैफर किया गया है। मालसपुर थानाधिकारी चंचल शर्मा ने बताया कि हादसे के बाद दिनेश और संजय बेहोश हो गए। कार में आग लगाने की सूचना पर मासलपुर थाना पुलिस घटनास्थल पहुंची और घायलों को करौली अस्पताल लेकर आई। जहां से संजय की हालत गंभीर होने पर उसे डॉ. ने प्राथमिक इलाज के बाद जयपुर रैफर कर दिया जबकि दिनेश के परिजन करौली पहुंच गए और घायल को ग्वालियर लेकर गए हैं।

करौली के निकट मचानी गांव कि सड़क पर घटना के बाद जली पड़ी कार।